an>

Title: Need to conduct classes in double shift in Kendriya Vidayalayas in the country.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ) ः देशभर में केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए उपलब्ध सीटों की मांग व आपूर्ति में बहुत बड़ा अंतर है। मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2014 के अनुसार 1102 केन्द्रीय विद्यालयों में कुल 11,42,858 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं तथा हर वर्ष प्रवेश हेतु लगभग 10 लाख आवेदनों में से केवल 1.3-1.5 लाख का ही प्रवेश हो पाता है।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी द्वारा सदन में 2014 में दिए गए आंकड़ों के अनुसार केंद्र सरकार को पूरे देश से नये केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना हेतु कुल 234 प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन संबंधित प्रस्तावों की व्यवहार्यता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता व सक्षम प्राधिकारियों की संस्तीकृति के परिणामस्वरूप सिर्फ 54 नये केंद्रीय विद्यालयों को खोलने की ही अनुमति दी गयी। केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु इतनी भारी मांग होने के बावजूद भी देशभर में केवल 64 केंद्रीय विद्यालयों का ही दो पारी में संचालन होता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु मांग तथा अपूर्ति के अंतर को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यशील केंद्रीय विद्यालयों में दोहरी शिफ्ट यथाशीघ्र प्रारंभ की जाये।